कार्य पत्र-17

कक्षा- 6 विषय-हिंदी

दिनांक:29.5.20 अनुक्रमांक ---

अध्यापिका - रेखा ठाकुर

निर्देश

ग्रीष्मावकाश आपको दो कार्य दिए गए हैं पहला दैनंदिनी लेखन (diary entry) तथा दूसरा कार्य अनुच्छेद लेखन है।आपको यह कार्य किस प्रकार करना है इसका वर्णन भी कर दिया गया है निम्नलिखित पृष्ठों में डायरी लेखन का उदाहरण दिया गया है तथा आपको बताया गया है डायरी किस प्रकार लिखी जाती है आप नीचे दिए गए डायरी लेखन के प्रारूप को देखेंगे और उसके अनुसार डायरी लेखन करेंगे।

बच्चों डायरी लिखना एक कला है। इसे लिखने के लिए इन बातों पर ध्यान देना चाहिए।

- डायरी को रात में सोने से पहले लिखना चाहिए, ताकि पूरे दिन और उस समय की बातें लिख सके।
- डायरी में समय अवश्य लिखना चाहिए।
- यदि आप घर से बाहर कहीं घूमने या किसी आवश्यक कार्य से बाहर गए हैं तो स्थान का नाम भी अवश्य लिखें।
- डायरी में सही सही बातें लिखनी चाहिए।

अभ्यास हेतु प्रश्न

परीक्षा में प्रथम आने के बाद अध्यापिका से शाबाशी मिलने पर डायरी लिखिए।

उदाहरण

Format for **डायरी लेखन**

दिनांक --------------------

समय -------------

दिन ----------------

(उपर दी गई जगह में पुरे दिन का विवरण लिखिए)

आपका नाम तथा हस्ताक्षर

---------------------.

सोमवार, 12 अप्रैल, 2014

इस साल गर्मियों की
छुट्टियों में बड़ा आनंद आया। हम अपने दादा दादी के घर
जबलपुर गए थे। वहाँ मुझे अपने
घर के अन्य भाई बहनों के साथ खेलने को मिला। प्रतिदिन
शाम को हमलोग कहीं न कहीं
घूमने जाते थे। ह्मोलोगों ने वहाँ की प्रसिद्ध चाट, गोल गप्पे,
कुल्फी, छोला बटूरा
आदि बड़े मज़े से खाए। एक दिन हमलोग चिड़ियाघर
देखने गए। एक मेले में हाथी पर बैठकर सैर
भी करी। वापस आने से पहले दादा दादी ने अनेक उपहार
दिए। अन्य घरवालों ने भी कई
चीजें भेंट करीं। एक महीना बहुत जल्दी बीत गया और हम
वापस आ गए।

इस प्रकार गर्मी की छुट्टियाँ
बहुत जल्दी पूर्ण हो गयीं।

सचिन

ग्रीष्मावकाश में आपका दूसरा कार्य अनुच्छेद लेखन है आपको अनुच्छेद लेखन का प्रारूप दिया जा रहा है अनुच्छेद लेखन करते समय उसके नियमों का पालन करें।



अनुच्छेद लेखन के साथ ही आपको उसका चित्र भी बनाना होगा।